-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 22.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **जनपद में चलाया गया सघन एंटीरोमियो चेकिंग अभियान । भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर की गई चेकिंग, अराजक तत्वों को दी गई सख्त चेतावनी ।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे एंटीरोमियो चेकिंग अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में जनपद बांदा में आज दिनांक 22.09.2024 को सघन एंटीरोमियों चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान के क्रम में बाजारों, दुकानों, प्रमुख चौराहों, कोचिंग संस्थानों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अराजक तत्वों तथा महिलाओं पर छींटाकसी करने वाले तत्वों की चेकिंग की गई तथा सख्त हिदायत दी गई । अभियान के तहत थाना बबेरु की एंटीरोमियो टीम के उ0नि0 सैफ अहमद, म0कां0 शिवानी जोशी, म0कां0 अराधना वर्मा द्वारा ग्राम टोलाकला में चेकिंग अभियान चलाया गया । थाना गिरवां की एंटीरोमियो टीम की म0उ0नि0 आकांक्षा मिश्रा व म0कां0 अर्चना देवी द्वारा कस्बा गिरवां में थाना तिन्दवारी की एंटीरोमियों टीम की उ0नि0 रोशनी सेंगर, म0कां0 प्रियंका पाण्डेय, कां0 मोहित शिवहरे और पीआरडी सीमा द्वारा ग्राम लोहरी में अभियान चलाया गया । थाना बिसंडा की एंटीरोमियो टीम की म0कां0 पूजा यादव, म0कां0 प्रियंका यादव, म0कां0 बबली, कां0 आजाद अहमद द्वारा कस्बा बिसंडा में तथा थाना फतेहगंज की एटीरोमियो टीम की म0कां0 ममता कुशवाहा, म0कां0 राधा रानी व कां0 कपिल द्वारा ग्राम लगनहाई में थाना अतर्रा की एंटीरोमियो टीम की म0उ0नि0 रक्षा देवी, म0कां0 निशा चौहान, म0कां0 अनीता यादव व म0कां0 बिन्दू पाल द्वारा कस्बा अतर्रा में चेकिंग अभियान चलाया गया ।